यीडा 280 परियोजनाओं को धरातल पर उतारेगा

निवेश

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) भी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से भारी भरकम निवेश को धरातल पर उतारने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले इस आयोजन में यीडा क्षेत्र में 45 हजार करोड़ से अधिक की 280 परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इन परियोजनाओं में लीडिंग मोबाइल प्रोडक्ट की असेंबलिंग से लेकर टॉय प्रोडक्शन, डाटा सेंटर और वेलनेस सेंटर जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। यीडा क्षेत्र में शुरू होने जा रही इन परियोजनाओं के माध्यम से 1.32 लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

योगी सरकार ने यीडा को जीबीसी 4.0 के लिए प्राप्त निवेश प्रस्तावों में से कुल 43,750 करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर उतारने का लक्ष्य दिया था। इस लक्ष्य के सापेक्ष यीडा ने 45148 करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर लाने में सफलता प्राप्त की है। यह लक्ष्य का 103 प्रतिशत से भी ज्यादा है। इसके तहत 21 ऐसी परियोजनाएं हकीकत बनेंगी, जिनके लिए यीडा ने विभिन्न देसी और विदेशी कंपनियों के साथ एमओयू किया है, जबकि 259 ऐसी परियोजनाएं भी धरातल पर उतरने जा रही हैं जो नॉन एमओयू कैटेगरी में हैं। यीडा क्षेत्र में विभिन्न स्थलों पर इन परियोजनाओं को मूर्त रूप दिया जा रहा है।

170 करोड़ से मोबाइल असेंबलिंग यूनिट

यीडा क्षेत्र में जो परियोजनाएं धरातल पर उतरने जा रही हैं, उनमें 11 हजार करोड़ की लागत से वीएएलएस डेवलपर्स प्रा. लि. सेक्टर 28 में न्यू एज बेस्ट इन क्लास इंटीग्रेटेड आईटी, आईटीईएस और डाटा सेंटर स्थापित किया जाएगा। ये परियोजना 30 एकड़ में बनेंगी।

मेडिकल डिवाइस से वेलनेस सेंटर तक बनेंगे

यीडा में 500 करोड़ रुपये से क्यू लाइन बायोटेक प्रा. लि.डायग्नोस्टिक मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग, आईवीडी रीजेंट्स, प्लास्टिकवेयर्स कंज्यूमेबल एंड गामा रेडिएशन प्रॉसेसिंग प्लांट स्थापित करेगा। इसके अलावा यशिका इनफोर्टानिक्स अल्ट्रासाउंड मशीन यूनिट लगाएगा।